मुंडेश्वरी धाम में भक्तों का तांता, मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की भक्तों ने की आराधना

भास्कर न्यूज | भभुआ/भगवानपुर

कैमूर में भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत पवरा पहाड़ी पर विराजमान मां मुंडेश्वरी मंदिर में नवरात्रि के दूसरे दिन सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा।हजारों दर्शनार्थियों ने माता के दरबार में मत्था टेका। मां के दरबार में आये श्रद्धालु व भक्त मां का दर्शन पाकर अपने आप को निहाल समझ रहे हैं।

ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलते ही पहाड़ी की वादियां मां मुंडेश्वरी की जय के जयकारों से गूंज उठीं। हजारों भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता के दरबार में मत्था टेका और सुख-समृद्धि की कामना की।असल में, शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। तड़के 4 बजे विशेष मंगला आरती के बाद जैसे ही आम भक्तों के लिए पट खोले गए, दर्शनार्थियों का तांता लग गया।

कड़ी धूप और चढ़ाई के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। मां के विग्रह का दर्शन कर बाहर निकले श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए और स्वयं को धन्य बताया। इधर,धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा।

शारदीय नवरात्र: भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता के दरबार में मत्था टेका और सुख-समृद्धि की कामना की

मां मुंडेश्वरी दरबार में दर्शन के लिए उमड़े भक्त।

माता के साथ-साथ चतुर्मुखी महादेवजी की भी पूजा

मां मुंडेश्वरी के दरबार में आने वाले सभी भक्तों की मुरादें पूरी होती है। प्रतिदिन नवरात्रि में सुबह से शाम तक सीढ़ी और रोड के रास्ते हाथ में नारियल, चुनरी व प्रसाद लिए श्रद्धालु जय माता की जयकार लगाते मां के दर्शन करने को धाम में पहुंचते हैं और श्रद्धालु मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं।

धार्मिक न्यास समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं की गई है। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। मां मुंडेश्वरी माता के परिसर में सम्मुख महादेव पंचमुखी महादेव की प्रतिमा अवस्थित है।यहां माता मुंडेश्वरी के साथ-साथ महादेवजी की भी प्रतिदिन दिन में तीन बार आरती पूजा की जाती है। मुंडेश्वरी मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं का मंडप, मंदिर, मंदिर परिसर के साथ साथ धाम परिसर में एंट्री करने वाले मुख्य द्वार को सजाया गया है। जिसे हर श्रद्धालु देखकर काफी हर्षित एवं आकर्षित हो रहे हैं। इनमें बहुत सारे श्रद्धालु मुंडेश्वरी मंदिर के इस आकर्षक दृश्य को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद करते नजर आए, वहीं लुभाने वाले पुष्पों से सजे दरबार में सेल्फी भी देख लेते देखे गए। धार्मिक न्यास परिषद के अकाउंटेंट गोपाल कृष्ण ने बताया कि संस्था के सचिव अशोक कुमार सिंह समेत धार्मिक न्यास के जिला स्तर के अन्य आला अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टि से धाम के विभिन्न हिस्सों में पुलिस प्रशासन बल तथा दंडाधिकारी चप्पे-चप्पे तैनात किए गए हैं।

आयोजन • डीएम ने विकासात्मक लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए

कैमूर में उद्योग केंद्र भवन का निर्माण होगा

भास्कर न्यूज | भभुआ

कैमूर में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु उद्योग केंद्र भवन का निर्माण कराया जाना है।इसके लिए अंचलाधिकारी भभुआ को यथाशीघ्र उपयुक्त भूमि चिह्नित कर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।बता दें कि समाहरणालय स्थित माँ मुंडेश्वरी सभागार में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित तमाम विकासात्मक,सामाजिक सुरक्षा एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करना तथा विभागों के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित कर परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक बाधाओं को दूर करना था।विभिन्न विभागों के अंतर्गत प्रस्तावित महत्वपूर्ण भवनों एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की गहन समीक्षा की गई तथा निम्नलिखित निर्देश जारी किए गए।जिले के 146 पंचायतों में से 60 पंचायत सरकार भवन पूर्ण हैं तथा 75 भवन विभिन्न कार्य एजेंसियों द्वारा निर्माणाधीन हैं।

14 पंचायत सरकार भवनों में भूमि विवाद या अनापत्ति से जुड़ी समस्याएं पाई गईं (जैसे बेतरी,मनिहारी, इसिया,मोकरम,दुलही आदि)। संबंधित अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पंचायत सरकार भवन एवं मुख्यमंत्री विवाह मंडप हेतु विवादरहित भूमि का सीमांकन कर यथाशीघ्र अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराएं।ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंचल नुआंव दुर्गावती, भभुआ एवं चैनपुर में चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया।

अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर निर्माण के लिए जमीन का चयन करें

बैठक में शामिल अधिकारी।

आवासीय स्कूल के लिए भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजे

अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर निर्माण हेतु भभुआ एवं मोहनिया अनुमंडल अंतर्गत भूमि चिह्नित करने का निर्देश दिया गया।सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी करें।डीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु पूर्व में चिह्नित 211 भूखंडों की वर्तमान स्थिति का अद्यतन प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराने तथा शेष भवनहीन केंद्रों के लिए अन्य उपयुक्त भूमि चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास हेतु 100 शैय्या वाले कल्याण छात्रावासों के निर्माण के लिए अधौरा,भगवानपुर,चाँद, नुआंव एवं रामगढ़ अंचल में तथा विशेष आवासीय विद्यालय निर्माण हेतु संबंधित अंचलाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।

भास्कर इनसाइट

पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों

आगामी दुर्गापूजा एवं महापर्व छठ के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला पदाधिकारी द्वारा आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख जलाशयों, तालाबों,नदियों एवं संवेदनशील छठ घाटों का भौतिक सत्यापन करें तथा किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु समय रहते अधिक संख्या में स्थानीय गोताखोरों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार रखें,ताकि पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जा सकें।बैठक में उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छूटे हुए सभी परिवारों को शुद्ध पेयजल मिले

पीएचईडी द्वारा बताया गया कि 74 बसावटों में कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।जबकि पंचायती राज विभाग के छूटे हुए 359 वार्डों में से 350 पर कार्य पूरा हो चुका है।जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के जिन टोलों या बसावटों में अभी तक नल-जल योजना की पहुंच नहीं हो सकी है उनका जन प्रतिनिधियों से समन्वय बनाते हुए सर्वेक्षण कर विस्तृत सूची तैयार करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पीएचईडी विभाग को दिया गया, ताकि छूटे हुए सभी परिवारों को शुद्ध पेयजल का लाभ निरंतर मिल सके। जिले में दाखिल-खारिज के कुल 21,974 वादों में से 18,110 वादों का निष्पादन किया गया (कुल निष्पादन दर 82.41%)।भभुआ में 1,049 और कुदरा में 594 मामले लंबित पाए गए।जिला पदाधिकारी ने 35,75 एवं 120 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों को विशेष अभियान चलाकर तुरंत निस्तारित करने का निर्देश दिया।वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के तहत 9,788 के लक्ष्य के विरुद्ध 9,529 आवास स्वीकृत किए गए (97.35% स्वीकृति) और 8,025 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं।मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 1,446 स्वीकृत आवासों में से 1,430 आवास पूर्ण (98.89% उपलब्धि) कराए जा चुके हैं। जिले के 146 पंचायतों में से 145 में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों हेतु भूमि चिन्हित हो चुकी है और 142 निर्मित व जियो-टैग हो चुके हैं।

भूमि का प्रतिवेदन देंगे

जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु उद्योग केंद्र भवन का निर्माण कराया जाना है। अंचलाधिकारी भभुआ को यथाशीघ्र उपयुक्त भूमि चिह्नित कर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। **कुमार अनुराग, डीएम कैमूर**

न्यूज ब्रीफ

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक गंभीर

भभुआ| सोमवार को भभुआ-बेलांव पथ पर सेमरा गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया है कि दुर्घटना में युवक का दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल, भभुआ पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे वाराणसी ले जाया गया। घायल युवक की पहचान बेलांव थाना क्षेत्र के सुखारीपुर गांव निवासी भोला साह के पुत्र कमलेश साह के रूप में हुई है।

महदाईच चेकपोस्ट से 15.2 लीटर शराब,बाइक जब्त

चांद | सोमवार को महदाईच चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान उत्पाद पुलिस ने 15.2 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं शराब तस्करी में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त किया है।गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के इलिया थाना क्षेत्र सुभाष कुमार बताया जाता है।

भीतरीबांध गांव के पास ई-रिक्शा पलटा, बालक घायल

भभुआ| करमचट थाना क्षेत्र के भीतरीबांध गांव के पास रविवार की देर शाम एक अनियंत्रित ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार 12 वर्षीय अजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि अजीत करमचट थाना क्षेत्र के भीतरीबांध गांव निवासी दिनेश राम का पुत्र है। हादसे के बाद परिजन उसे इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल, भभुआ ले आए। वहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ. श्यामाकांत की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट प्रसारित करने पर कार्रवाई होगी

भभुआ| कैमूर में दुर्गा पूजा पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी और लाइसेंस होना जरूरी है। इस संबंध में पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रमुख पूजा पंडालों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त अग्निशमन उपकरण अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। पूजा और विसर्जन के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर का उपयोग भी निर्धारित डेसिबल सीमा और तय समय तक ही अनुमन्य होगा। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और महिला व बाल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूजा समितियां पहचान-पत्र युक्त सक्रिय वॉलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति करेंगी। पर्व के दौरान पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

चांदनी चौक व आसपास से हटवाया अतिक्रमण

मोहनिया| दशहरा पर्व पर मोहनिया शहर क्षेत्र अंतर्गत बाजार में बढ़ने वाली भीड़ व जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी के तहत मोहनिया के व्यस्त इलाका चांदनी चौक पर ट्रैफिक पुलिस व नगर पंचायत की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से दुकान लगाने, सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालों को हटाया गया। अभियान का उद्देश्य पर्व के दौरान लोगों को जाम से राहत दिलाना, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। सोमवार की शाम नगर पंचायत प्रशासन व पुलिसकर्मी चांदनी चौक पहुंचे। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुधांशु कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मोबाइल से खाद की बुकिंग होगी

भभुआ| मोबाइल ऐप पर आधार संख्या और ओटीपी के माध्यम से किसान की पहचान का सत्यापन होगा।ऐप पर किसान अपने खेत और फसल का विवरण दर्ज कर आसानी से मोबाइल से ही खाद की बुकिंग कर सकते हैं।बुकिंग के बाद मोबाइल पर मिलने वाले क्यूआर कोड को अधिकृत विक्रेता के पास स्कैन कराने पर तुरंत खाद उपलब्ध कराई जाएगी।अधिकारियों का कहना है कि इससे खाद के वितरण में पारदर्शिता आएगी और वास्तविक किसानों तक उर्वरक पहुंचाने में मदद मिलेगी।नई व्यवस्था को लेकर किसानों को जानकारी देने की जिम्मेदारी पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कृषि कर्मियों को दी गई है।

15 को भभुआ और 17 को मोहनिया में कांग्रेस का मार्च

भभुआ| बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय, शहीद भवन, भभुआ में ''वोट बचाओ देश बचाओ अभियान'' के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने की। संचालन भभुआ प्रखंड अध्यक्ष हरीश कुमार तिवारी ने किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आगामी विरोध प्रदर्शनों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर 2026 को भभुआ अनुमंडल के नगरपालिका मैदान स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से लेकर एकता चौक स्थित गांधी प्रतिमा तक विशाल मार्च निकाला जाएगा।

कैफ और राजू के गोल से कैमूर एफसी विजयी

भभुआ| जगजीवन स्टेडियम, भभुआ में जिला फुटबॉल संघ कैमूर के तत्वावधान में आयोजित जिला फुटबॉल सुपर लीग चैंपियनशिप में कैमूर फुटबॉल क्लब, भभुआ ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने स्पोर्ट्स फुटबॉल क्लब, कुदरा को 2-0 से पराजित किया। मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। दूसरे हाफ में कैमूर की टीम ने दो गोल दागे। टीम ने जीत अपने नाम कर ली। जिला फुटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि एकराम खान, रिलैक्स मेडिकोरा, भभुआ ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के उपाध्यक्ष बिरजू सिंह पटेल, सचिव एवं आयोजनकर्ता निर्मल सिंह, सफीक इदरीसी तथा पप्पू अंसारी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका भभुआ के पूर्व उपसभापति अमजद अली ने निभाई। सहायक रेफरी के रूप में असरफ अली, रौशन तथा इम्तियाज अली ने योगदान दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मणिपुर के कांग्रेस सांसद का फूंका पुतला

एकता चौक पर प्रदर्शन कर पुतला जलाते भाजपा कार्यकर्ता

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भभुआ एकता चौक पर कैमूर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे के नेतृत्व में मणिपुर के कांग्रेस सांसद आंगोमचा विमोल अकोइजाम के खिलाफ पुतला दहन किया। भभुआ के विधायक भरत बिंद एवं जिला प्रभारी अशोक साह भी मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ भभुआ शहर में नगरपालिका से एकता चौक तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जितेंद्र तिवारी, संतोष खरवार, रघुवंश प्रसाद, दुर्गेश चौबे, सुमन देवी, देवलाल पासवान, दीनानाथ सिंह, अनुपम पांडे, रहबर दीवान, सुनीता शर्मा, नरेंद्र आर्य, इंद्रजीत भाई पटेल, रिशु सिंह, सुनील बिंद, आलोक श्रीवास्तव, अनिल सेठ, सिली तिवारी, विजय राम, योगेंद्र चौधरी, चंदन तिवारी, अमित कुमार ट्विंकल, प्रभात पांडे सहित अन्य लोग शामिल हुए।

हेरोइन बरामदगी मामले में आरोपी को 4 माह की सजा

भभुआ| भभुआ सिविल कोर्ट के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस बलजिंदर पाल की अदालत ने हेरोइन बरामदगी मामले में फैयाज फारूकी उर्फ बबलू फारूकी को चार माह के साधारण कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। फैसला सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर 2023 को दुर्गावती पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुर्गावती बाजार स्थित जावेद अली के घर छापेमारी की थी। इस दौरान अन्य आरोपितों के साथ फैयाज फारूकी को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के क्रम में 400 मिलीग्राम (लघु मात्रा) हेरोइन बरामद हुई थी। मामले के सूचक पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार को अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला, बिहार, पटना की जांच रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने मामले में सजा सुनाई।

स्कूलों की शैक्षणिक बुनियादी सुविधा में सुधार होगा : विधायक

भास्कर न्यूज | भभुआ

सेवा संकल्प से कायाकल्प में स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधा में सुधार होगा।बता दें कि पीएम श्री प्लस-टू उच्च विद्यालय भभुआ में सोमवार को भभुआ विधानसभा क्षेत्र के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता भभुआ विधानसभा क्षेत्र के विधायक भरत बिंद ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) कैमूर शंभू प्रसाद,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भभुआ गौरव सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय सेवा संकल्प से कायाकल्प के तहत विद्यालयों की स्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था,उपलब्ध संसाधनों तथा विकास कार्यों की समीक्षा करना था। भभुआ विधायक भरत बिंद ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। विद्यालयों का कायाकल्प केवल भवनों और संसाधनों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर भी मिलने चाहिए।उन्होंने प्रधानाध्यापकों से अपील की कि वे विद्यालयों के विकास के प्रति समर्पित होकर कार्य करें तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शंभू प्रसाद ने कहा कि विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी प्रधानाध्यापकों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए।विद्यालयों में शिक्षण कार्य,विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति,विभागीय निर्देशों का अनुपालन तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

विश्व आर्थराइटिस दिवस • आईएमए का चार मंत्रों से जोड़ों को स्वस्थ रखने का संदेश

घुटने, कंधे व कमर का दर्द नजरअंदाज न करें

भास्कर न्यूज | भभुआ

विश्व आर्थराइटिस दिवस के अवसर पर सोमवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कैमूर इकाई की ओर से जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस वर्ष की थीम जीवनभर स्वस्थ जोड़ों की सुरक्षा रखी गई है।

इसका उद्देश्य यह बताना है कि गठिया और हड्डी-मांसपेशी से जुड़ी बीमारियां जीवन के किसी भी पड़ाव में हो सकती हैं, इसलिए शुरुआती पहचान और बचाव जरूरी है।अभियान के तहत आईएमए बिहार स्टेट ब्रांच के पूर्व राज्य सचिव और कैमूर इकाई के सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह ने लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि आम धारणा है कि आर्थराइटिस सिर्फ बुढ़ापे की बीमारी है, लेकिन यह धारणा गलत है। यह युवाओं और बच्चों में भी हो सकता है। घुटने, कंधा, हाथ और कमर में लगातार दर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यह आर्थराइटिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है।डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि समय पर निदान, सही इलाज और नियमित शारीरिक गतिविधि से जोड़ों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। इससे चलने-फिरने की क्षमता बनी रहती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। कैमूर जैसे जिलों में भी कम उम्र में घुटने और कमर दर्द के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

नियमित व्यायाम से करें जोड़ों की सुरक्षा

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सितेश कुमार बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर त्रिभुवन नारायण की मानें तो स्वस्थ जोड़ों के लिए चार मंत्र बताए। पहला- सक्रिय रहें, नियमित शारीरिक गतिविधि जोड़ों को मजबूत रखती है। दूसरा- वजन नियंत्रित रखें, वजन कम होने से जोड़ों पर दबाव कम पड़ता है। तीसरा- संतुलित आहार लें, जो हड्डियों और जोड़ों को पोषण देता है। चौथा- दर्द को नजरअंदाज न करें और जल्द चिकित्सकीय सलाह लें। उन्होंने नारा दिया- ज्यादा चलें-फिरें, अपने जोड़ों की रक्षा करें और बेहतर जीवन जिएं। साथ ही लोगों से अपील की कि रोजाना कम से कम तीस मिनट टहलना, साइकलिंग और हल्की कसरत को दिनचर्या में शामिल करें और दर्द होने पर झोला-छाप डॉक्टरों के बजाय योग्य चिकित्सक से ही संपर्क करें।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखा: सासाराम (084600), जिला- रोहतास, बिहार खाता संख्या- 0846008700006276 मेसर्स श्री शंकर मिनी राइस मिल प्रोप-सरोज कुमार पिता-नारद मुनि राय, ग्राम- चंद्रभान पट्टी, पो0- बाराहरी, थाना- करगहर, जिला- रोहतास श्रीमती रानी कुमारी पति- स्वर्गीय सरोज कुमार, ग्राम- चंद्रभान पट्टी, पो0- बाराहरी, थाना- करगहर, जिला- रोहतास श्री नारद मुनि राय, ग्राम- चंद्रभान पट्टी, पो0- बाराहरी, थाना- करगहर, जिला- रोहतास	अचल संपत्ति स्थित है; मौजा- बाराहरी, थाना-करगहर, खाता संख्या- 163, क्षेत्रफल- 19.75 डिसमिल, प्लॉट संख्या- 101, सेल डीड संख्या- 590 दिनांक 19.01.2012 स्वामी/बन्धककर्ता-सरोज कुमार पिता-नारद मुनि राय चौहद्दी: उत्तर- श्याम बिहारी राय, दक्षिण-निज, पूर्व- महंथ राय एवं राम कुमार राय, पश्चिम- रास्ता	क) 16.11.2014 ख) रु. 1,87,75,868.66/- (रूपये एक करोड़ सतासी लाख पचहत्तर हजार आठ सौ अड़सठ एवं छियासठ पैसे मात्र) दिनांक 30.09.2026 तक + भविष्य का ब्याज एवं खर्चा/शुल्क ग) 05.09.2025 घ) सांकेतिक	क) रु. 34,83,000/- ख) रु. 3,48,300/- ग) रु.50,000/-	दिनांक 27.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 27.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 16.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnb.bank.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना — विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा — प्राधिकृत अधिकारी